बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं. : 2231562, वेबसाईट : http://bsea.bihar.gov.in, ई-मेल: bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक : 05/01/2024

अधिसूचना

संख्या– नि॰प्रा॰/नि॰ 5–02/2022 ...16........ बिहार सहकारी सोसाईटी (संशोधन) अधिनियम, 2013 (बिहार अधिनियम–7, 2013) द्वारा यथासंशोधित बिहार स्वावलंबी सहकारी समिति अधिनियम, 1996 के अधीन राज्य सरकार द्वारा राज्य के सभी स्वावलंबी सहकारी समितियों के प्रबंधकारिणी समिति/ बोर्ड/ निदेशक मंडल के निर्वाचन संचालन का दायित्व बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सौंपा गया है।

2. उक्त परिप्रेक्ष्य में बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम 2008 की धारा 5 (2) एवं बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार नियमावली 2008 के नियम 6 (2) के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **जलाशय बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, पटना के निर्वाचन के लिए अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर को निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया जाता है।**

3. अनुमंडल पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना सदर उक्त समिति के निर्वाचन हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी/ अंचल अधिकारी/ भूमि सुधार उप समाहर्त्ता/ उप समाहर्त्ता को उप निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकते हैं।

4. अनुमंडल पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना सदर, जिला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना के निर्देशन एवं नियंत्रण में उक्त समिति का चुनाव संबंधी कार्य करेंगे।

5. उक्त सभी पदनामित पदाधिकारी बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा– 4 के अंतर्गत बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार के पर्यवेक्षण, निदेशन एवं नियंत्रण में निर्वाचन का संचालन करेंगे।

(पुरूषोत्तम पासवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 16 /पटना, दिनांक : 05/01/2024

प्रतिलिपि : ई–गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : 16 /पटना, दिनांक : 05/01/2024

प्रतिलिपिः अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांक : 16 /पटना, दिनांक : 05/01/2024

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना/ ज़िला पदाधिकारी –सह– जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना/ अनुमंडल पदाधिकारी –सह– निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), पटना सदर/ मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, ज़लाशय बचत एवं साख स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 16 /पटना, दिनांक : 05/01/2024

प्रतिलिपिः निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना/ संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, पटना प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।